MODEL QUESTION PAPER

नमूने का प्रश्न–पत्र

द्वितीय पी.यू.सी. प्रथम त्रैमासिक परीक्षा. सितम्बर–2021

समय: 1 घंटे 30 मिनट | **हिन्दी (03)** | **कुल अंक : 50**

सूचना: 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।

I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **3X1=3**

1. कौन द्वार पर आकर चिल्लाने लगा ?
2. कर्त्तव्य किस पर निर्भर है ?
3. किनसे सभी घृणा करते हैं ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2X3=6**

4. धर्म–पालन करने के मार्ग में क्या–क्या अड़चन आते हैं ?
5. घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ ?
6. सुजान महतो की संपत्ति बढ़ी तो क्या करने लगा ?

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने–किससे कहे ? **2X1=2**

7. जिधर देखो उधर कर्त्तव्य ही कर्त्तव्य देख पड़ते हैं ।
8. जाने दो अम्माँ, मुझसे यह नहीं हो सकता ।

आ) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **1X3=3**

9. आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करे ।
10. सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक अपना समय बिता सकेंगे ।

III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **3X1=3**

11. चकोर पक्षी किसे देखता रहता है ?
12. मुस्काते फूल को क्या आना चाहिए ?
13. बेटी किन्हें गहने मानती है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1X3=3**

14. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं ?
15. जीवन की सार्थकता किसमें है ?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **1X4=4**

16. ऐसा चाहो राज में,
    जहाँ मिले सबन को अन्न ।
    छोटा–बड़ो सभ सम बसै,

रैदास रहै प्रसन्न ॥

अथवा

सोने के गहने क्योंकर, माँ ?

तकलीफ देते हैं, नहीं चाहिए, माँ !

रंगीन कपड़े क्योंकर, माँ ?

मिट्टी में खेलने नहीं देते, माँ !

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **3X1=3**

17. मिश्रानी को किसने काम से हटा दिया ?

18. मूलराज के मँझले बेटे का नाम लिखिए।

19. नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1X5=5**

20. इन्दु को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया ?

21. दादाजी के 'बड़प्पन' के संबध में क्या विचार थे ?

V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : **4X1=4**

22. क) उसके हाथ काँप रही थी।

ख) मन में ऐसा शक्ति है ।

ग) मेरा प्राण बचैन है।

घ) कोई ने मेरी पुस्तक देखी ?

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : **4X1=4**

(पर, से , में , ने)

23. क) सड़क______लोग जमा हैं।

ख) सभी लोगों______अपने धर्म का पालन किया।

ग) हाथ______गिलास छूट गया ।

घ) सुजान के मन_______तीर्थ यात्रा करने की इच्छा थी ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **3X1=3**

24. क) अध्यापक ने छात्रों को पढ़ाया। (भविष्यत् काल में बदलिए)

ख) संगीता ने कहानी लिखी। (वर्तमान काल में बदलिए)

ग) मीरा आँसू बहाती है । (भूतकाल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **4X1=4**

25. 1) रंग जमाना	क) अत्यधिक खुश होना
2) जी चुराना	ख) धाक जमाना
3) पत–पानी बनाना	ग) मेहनत से बचना
4) फूले न समाना	घ) सम्मान बढ़ाना

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : **3X1=3**

26. शेर , लेखक , नाग

****